# जेट निटवियर कंपनी का औद्योगिक भ्रमण

**दिनांक:**
**8 अप्रैल 2025**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक जी के मार्गदर्शन में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के प्रबंधन के विद्यार्थियों ने जेट निटवियर कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट निदेशक प्रो सुधांशु पांडया एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अंशु यादव ने विद्यार्थियों को रवाना किया।

निदेशक प्रो सुधांशु पांडया ने विद्यार्थियों को नवाचार के प्रति प्रेरित किया और उनसे भ्रमण के दौरान कुछ नया सीखने को कहा।

जेट निटवियर के प्रबंध निदेशक बलराम नरूला ने औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रथम चरण से लेकर आखिरी चरण तक कैसे उत्पाद बनते हैं उनकी बारीकियां को समझाया उन्होंने विद्यार्थियों को व्यवसाय और उद्यमिता का अंतर समझाते हुए  नौकरी करने की बजाय नौकरी देने वाले बनो की ओर प्रेरित किया।

समन्वयक डॉ सुधांशु राय ने कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए धैर्य और आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं और सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

डॉ अपर्णा कटियार ने विद्यार्थियों को स्वयं का आकलन करने को भी कहा।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गौरी सिंह एवं डॉ राहुल अग्रवाल ने औद्योगिक भ्रमण का संयोजन किया। इस अवसर पर एमबीए विद्यार्थी आयुषी श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने बलराम नरूला जी से उद्यमिता और सफलता प्राप्त करने के अनेक प्रश्न पूछे और उत्तर पाकर संतुष्ट हुए। उक्त अवसर पर डॉ सुदेश श्रीवास्तव डॉ विवेक सचान डॉ चारू खान डॉ वारशी सिंह डॉ मृदुलेश सिंह डॉ प्रशांत त्रिवेदी डॉ मयंक जिंदल डॉ मनोज कुमार सहित विभाग के समाज शिक्षक गण उपस्थित रहे




जैट इको बनियान व अण्डरवियर
Jet Knitwears Ltd.
Head Office: 119/410, B-1, Darshanpurwa, Kanpur (U.P) India
OFFIC



